SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

सितम्बर–अक्टूबर 2012

एलईडी सस्ती दर पर उपलब्ध

ऊर्जा संरक्षण की दिशा में बीआरपीएल की और पहल। दिल्लीवासियों को बाजार से काफी कम कीमत अब पर हाई क्वालिटी वाली एलईडी खरीद सकते हैं। बीआरपीएल ने इस स्कीम को सहश्र इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलकर शुरू किया है, जो फिलिप्स और टायको इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी नामी वैश्विक कंपनियों को एलईडी की आपूर्ति करती है।

उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर बीआरपीएल द्वारा शुरु की गई लाइट–लाइफ स्कीम का उद्घाटन 20 जुलाई को दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने किया। स्कीम के लॉन्च के मौके पर ऊर्जा मंत्री श्री हारून युसुफ, दिल्ली के मुख्य सचिव श्री पीके त्रिपाठी, प्रिंसिपल सेक्रेटरी पावर श्री शक्ति सिन्हा, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिएंशी के महानिदेशक श्री अजय माथुर, और सहश्र इलेक्ट्रॉनिक्स के सीएमडी श्री अमृत मानवानी भी मौजूद थे।

बीआरपीएल द्वारा लॉन्च सस्ती एलईडी की इस स्कीम का फायदा न सिर्फ बीआरपीएल उपभोक्ता, बल्कि पूरी दिल्ली के लोग उठा सकते हैं। 7 वॉट के प्रीमियम एलईडी बल्ब की कीमत सिर्फ 399 रूपये रखी गई है। 7 वॉट की एलईडी आपको 60 वॉट के सामान्य बल्ब और, 15 वॉट के सीएफएल जितनी रोशनी देगी। स्कीम के तहत एलईडी ट्यूब लाइट्स और स्पॉट लाइट्स भी आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध हैं।एलईडी पर तीन साल की रिप्लेसमेंट वॉरंटी भी है।

अत्याधुनिक एलईडी बल्ब और ट्यूब लाइट आपके घर में पहले से ही मौजूद बिजली के सॉकेट्स में पूरी तरह से फिट हो जाएंगे, और आपको मिलेगी ज्यादा साफ और ब्राइट रोशनी। अगर सीएफएल से एलईडी की तुलना की जाए, तो एलईडी बल्ब सीएफएल के मुकाबले 50 प्रतिशत से भी कम बिजली की खपत करते हैं। सीएफएल की तुलना में एलईडी कई गुना ज्यादा चलती हैं। एक आम बल्ब 1200 घंटे चलता है, जबकि सीएफएल औसतन 8–10 हजार घंटे और एलईडी 50 हजार घंटे चलती है।

एलईडी से आपके बिजली बिल में कमी आएगी। साल भर अगर आप 7 वॉट का एलईडी बल्ब इस्तेमाल करते हैं, तो आपका बिजली बिल आएगा 150 रूपये, वहीं एक सीएफएल साल भर जलाने पर 271 रूपये का बिल आएगा और एक आम बल्ब जलाने पर बिल आएगा 612 रूपये।

बीआरपीएल के डिवीजन ऑफिस /चुनिंदा कस्टमर केयर सेंटरों नेहरु प्लेस, अलकनंदा, सरिताविहार, अधीचिनी, द्वारका और जनकपुरी पर एलईडी बल्ब उपलब्ध है।

Call Us
We are listening
Dial BRPL- 39999707

इंटरनेशनल कंसलटेंसी मुहैया करवा रहा है बीआरपीएल

जुलाई 2002 के बाद से बीआरपीएल ने असाधारण और असमान्तर सफलता दर्ज की है। राष्ट्रीय एंव अंर्तराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों पर लगातार प्रभाव डाल रही है।

नाइजीरिया इकोनॉमी उर्जा क्षेत्र में सुधार के लिए निजीकरण कर रही है। इसके लिए वह वितरण क्षेत्र में दिल्ली मॉडल को अपना रही है। और इसे बेहतर ढंग से संपादित करने के लिए बीआरपीएल तैयार है। ईपीसी कंपनी रॉकसन इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड को इंटरनेशनल कंसलटेंसी मुहैया करवाने के लिए बीआरपीएल तैयार हुआ, इस दिशा में यह पहला कदम है। इस कंपनी के ऑफिस लंदन और दुनिया के दूसरे जगहों पर भी है।

रॉकसन इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड,ने टेक्नीकिल सर्विस पार्टनर के लिए बीआरपीएल से अनुबंध किया। रॉकसन की प्री–बीडिंग फेज् में तीन डिस्कॉम्स के लिए – आइकेजा, पोर्ट हारकोर्ट और बेनिन को बीड् प्रीपरेशन्, सबमिज्न और तकनीक मामलों में बीआरपीएल सलाह दे रहा है।

बीआरपीएल के सीनियर अधिकारियों द्वारा अड्रटेकिंग साइट विजिट् और नाइजीरियन बीड् मैनेजमेंट एथारटी द्वारा तैयार दिशानिदेर्शो के विश्लेषण करने के बाद लॉस रिडक्शन इनेशिएटिव, कस्टमर सर्विस इनहांसमेंट, नेटवर्क ओएंडएम सिस्टम, आईटी सिस्टम्, कस्टमर सर्विस सेंटर, एचआर प्रॉसेस् आदि पर फोकस करते हुए बीआरपीएल ने टेक्नीकल और कर्मिशयल बीड् डाक्युमेंट् तैयार किया है।

"नो सप्लाई कम्पलेंट एंड डुप्लीकेट बिल" रजिस्ट्र के लिए अब सिर्फ इंटर करें अपना सीए नंबर

अब आपको लंबी कतार में खड़े रहने की जरुरत नही है। बीआरपीएल के दक्षिण और पश्चिम दिल्ली के सभी उपभोक्ता "नो सप्लाई" कम्पलेंट के लिए अब सिर्फ अपना सीए नंबर रजिस्ट्र करें और डुप्लीकेट बिल के लिए सीधे निवेदन करे। सिंगल डिजिट् कॉल सेंटर नंबर –3999 9707–पर सिर्फ एक कॉल करे और बिल पर अंकित 9 नंबर वाला सीए नंबर को इंटर करें।

बिजली नहीं है, तो यूं बताएं	डुप्लिकेट बिल के लिए ऐसे करें अनुरोध
स्अेप 1– डायल करें 399 99707	स्अेप 1– डायल करें 399 99707
स्अेप 2– अपनी भाषा चुनें–हिंदी/अंग्रेजी	स्अेप 2– अपनी भाषा चुनें–हिंदी/अंग्रेजी
स्अेप 3– बिजली गुल के बारे में बताने के लिए 1 दबाएं	स्अेप 3– डुप्लिकेट बिल के अनुरोध के लिए 7 दबाएं
स्टेप 4– अपना नौ अंकों वाला सीए नंबर एंटर करने के लिए 2 दबाएं	स्टेप 4– अपना नौ अंकों वाला सीए नंबर एंटर करने के लिए 2 दबाएं

To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy